(ग) इस स्थिति से निपटने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) : (क) जी, हां ।

(ख) जून तथा जुलाई, 1990 के महीनों के दौरान पूर्वी क्षेत्र की खानों में बिजली की कमी होने के कारण कोयले के उत्पादन की हानि हुई । 25 तथा 26 जून, 1990 को पूर्वी क्षेत्र में ग्रिड के फेल हो जाने के कारण कोयला खानों में बिजली की आपूर्ति बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुई । उक्त क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण स्थिति और बिगड़ गई । पानी में डूबने की वजह से 111 कार्य स्थानों पर कोयले के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा । (ई०सी० एल० 31, बी०सी०सी०एल० 50, सी० सी०एल० 30) चूंकि बिजली में व्यवधान होने के कारण पानी को निकालने के कार्य में रुकावट आई । इस अवधि, के दौरान कोयले के उत्पादन में हुई हानि का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

कोयले के उत्पादन में हानि (लाख टन में)

माह	ई०को०लि०	भा०को०को० लि०	से०को०लि०	जोड़
जून, 90	2.75	2.00	1.00	5.75
जुलाई, 90	3.94	2.15	1.70	7.79

(ग) कोयला खानों में बिजली की आपूर्ति में सुधार करने के लिये उठाये गये कुछ सुधारात्मक कदम नीचे दिये गये हैं :—

(1) बिजली की आपूर्ति की स्थिति पर लगातार निगरानी रखना तथा केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, पूर्वी क्षेत्रीय विद्युत बोर्ड, डी०वी०सी०, एन०टी०पी०सी०, बिहार राज्य विद्युत बोर्ड तथा कोल इंडिया लि० के बीच निकटतम समन्वय रखना ताकि कोयला कम्पनियों को प्राथमिकता के आधार पर बिजली की आपूर्ति की जा सके ।

(2) नार्दर्न ग्रिड तथा उड़ीसा से डी०वी०सी० पद्धति को अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति ।

(3) कोयला कम्पनियों के पास उपलब्ध लघु कपटिव विद्युत आपूर्ति यूनिटों का लगातार प्रचालन ।

(4) कोयला तथा गैर-कोयला आपूर्ति फीडरों का पृथक्करण ।

दिल्ली और राज्यों की राजधानियों के बीच सीधी विमान सेवा

1275. **श्रीमती सुषमा स्वराज** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने राज्यों की राजधानियां ऐसी हैं जहां अभी तक दिल्ली से सीधी विमान सेवा की सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) समस्त राज्यों की राजधानियों को दिल्ली से सीधी विमान सेवा से कब तक जोड़ दिया जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री पी० उपेन्द्र) : (क) निम्नलिखित राज्यों की राजधानियां दिल्ली के साथ सीधे हवाई सेवा से जुड़ी हुई नहीं है ।

राज्य का नाम	राजधानी
आसाम	*दिसपुर
गुजरात	*गांधीनगर
मणिपुर	इम्फाल
मेघालय	शिलांग
नागालैंड	कोहिमा
सिक्किम	गंगतोक
त्रिपुरा	अगरतल्ला
अरुणाचल प्रदेश	इटानगर
मिजोरम	एजवाल

*इंडियन एयरलाइंस द्वारा सेवित नजदीकी स्टेशन दिसपुर के मामले में गुवाहाटी और गांधीनगर के मामले में यह अहमदाबाद है ।

(ख) इस समय गंगतोक, इटानगर और कोहिमा में कोई विमान क्षेत्र नहीं है । तथापि, गंगतोक को नजदीकी स्थान बागडोगरा इटानगर को उत्तरी लखीमपुर (लीलाबाड़ी) से और कोहिमा को दीमापुर से सेवित किया जाता है । अगरतल्ला और दिल्ली के बीच यात्री मार्ग दिल्ली से सीधी सेवा के लिये पर्याप्त नहीं है । शिलांग विमान पट्टी केवल एफ27/एवरो प्रकार के विमानों के परिचालन के लिये पर्याप्त है जो कम दूरी की यात्रा के विमान है । एजवाल का हवाई-क्षेत्र केवल डोनियर प्रकार के विमानों के परिचालन के लिये उपयुक्त है जो कम दूरी की यात्रा के विमान हैं । इम्फाल को दिल्ली से एक दैनिक ए–320 विमान से जोड़ा गया था परन्तु ए–320 परिचालनों को स्थगित कर दिये जाने के कारण इस समय कोई सीधी सेवा नहीं है ।

(ग) दिल्ली और सभी राज्यों की राजधानियों के बीच विमान सेवाओं का चलाया जाना एयरलाइंस के पास विमानों की उपलब्धता; एयरलाइंस के बेड़े के विमानों द्वारा परिचालन के लिये हवाई अड्डों की उपयुक्तता ; दो स्थानों के बीच पर्याप्त यातायात घनत्व और अन्य आधार संरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता पर निर्भर करेगा । इसलिये, इस संबंध में कोई समय-सीमा नहीं बताई जा सकती ।

Introduction of Acupuncture treatment in Hospitals in Metropolitan Cities

1276. SHRI BISHAMBHAR NATH PANDE: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government are aware that in various countries like China, Japan, USSR and USA the acupuncture treatment has become a part of the overall medical treatement;

(b) if so, whether Government have any proposal to introduce acupuncture treatment in Government hospitals in metropolitan cities along with physiotherapy treatment; and

(c) if so, whether Government propose to take the assistance of the Governments of China and Japan to train our acupuncturists to run acupuncture centres?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI RASHEED MASOOD): (a) Yes, Sir.

(b) The Acupuncture treatment is already available in metropolitan cities such as in All India Institute of Medical Sciences, New Delhi, Post-Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh and Jawaharlal Institute of Post Graduate Medical Education and Research Pondicherry. The trained personnel